दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे

दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे
मन तुमसे लगा है ओ सांवरे.........

तेरे माथे मुकुट है ओ सांवरे,
उसमें हीरा जड़ा है ओ सांवरे,
दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे,
सुन ओ सांवरे.........

तेरे नैनों में कजरा ओ सांवरे,
तू तो नटखट बड़ा है ओ सांवरे,
दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे,
सुन ओ सांवरे.........

तेरे अधरों मुरलिया ओ सांवरे,
उसमें जादू भरा है ओ सांवरे,
दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे,
सुन ओ सांवरे.........

तेरा पीला पीताम्बर ओ सांवरे,
उसमें गोटा लगा है ओ सांवरे,
दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे,
सुन ओ सांवरे.........

तेरे पैरों पायलिया ओ सांवरे,
उसमें घुंघरू जड़ा है ओ सांवरे,
दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे,
सुन ओ सांवरे.........

हमने देखी तुम्हारी राधा बड़ी,
उनमें नखरा भरा है ओ सांवरे,
दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे,
सुन ओ सांवरे.........

तेरे लाखों भगत है ओ सांवरे,
उनमें भाव भरा है ओ सांवरे,
दिल तुमसे लगा है ओ सांवरे,
सुन ओ सांवरे.........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31324/title/dil-tumse-laga-hai-oh-sanwre

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |